क्या आप तूफान से क्षतिग्रस्त घर के मालिक हैं?

2023 की शुरुआत में तूफानों से क्षतिग्रस्त हुए ऑकलैंड के कुछ घरों के मालिकों को ऑकलैंड काउंसिल और सरकार धन उपलब्ध करा रही है।

30 सितम्बर 2024 से यह पता लगाने के लिए रजिस्टर (पंजीकरण) करें:

- आप अपने तूफान से क्षतिग्रस्त घर के लिए धन प्राप्त करने के योग्य हैं या नहीं
- आपके घर के लिए भावी बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

कैसे रजिस्टर करें

इस स्वैच्छिक प्रक्रिया के लिए 30 सितम्बर 2024 से पहले (property.flooded.nz) ऑनलाइन पंजीकरण करें

इसके बाद क्या होगा

ऑकलैंड काउंसिल आपके घर का मूल्यांकन करेगी ताकि भविष्य में बाढ़ या भूस्खलन की घटना से आपके घर पर किसी की मृत्यु होने के जोखिम की गणना की जा सके।

एक कैटेगरी कैटेगरी (श्रेणी) प्राप्त करना

- आपके घर को खतरे के स्तर के आधार पर श्रेणी 1, 2 या 3 दी जाएगी
- यह श्रेणी काउंसिल की LIM तथा/या आपके घर के लिए संपत्ति फ़ाइल पर प्रकाशित की जाती है
- एक घर जो निवास के लिए बहुत खतरनाक है, उसमें **जीवन के लिए असहनीय जोखिम है**। इसका मतलब है कि आपको निम्न के लिए धन प्राप्त होगा:
    - आपके घर की खरीद के लिए ताकि आप खतरे से दूर स्थानांतरित हो सकें (श्रेणी 3)
    - अपने घर में बदलाव करने के लिए ताकि उसमें निवास करते रहना सुरक्षित रहे (श्रेणी 2पी)

इन श्रेणियों का क्या अर्थ है:

श्रेणी 1

आपके घर में जीवन के लिए असहनीय खतरा नहीं है। इस योजना के अंतर्गत आपको कोई धनराशि नहीं दी जाएगी।

श्रेणी 2पी

- आपके घर में जीवन को एक असहनीय खतरा है
- आप अपनी संपत्ति में उसके पूंजीगत मूल्य (सीवी) के 25% मूल्य तक के परिवर्तन के लिए अनुदान हेतु आवेदन कर सकते हैं। शर्तें लागू होंगी।

श्रेणी 3

- आपके घर में जीवन को एक असहनीय खतरा है
- आपके घर के लिए बाजार मूल्यांकन (26 जनवरी 2023 तक) के आधार पर बाय-आउट (खरीदारी) की ऑफर की जाएगी
    - यदि आपने **बीमा करवाया हुआ है** तो अपना घर बेचने के लिए आपको बाज़ार मूल्यांकन का 95% भुगतान किया जाएगा। शर्तें लागू होंगी।

- यदि आपने **बीमा नहीं करवाया हुआ है** तो अपना घर बेचने के लिए आपको बाज़ार मूल्यांकन का कम से कम 80% भुगतान किया जाएगा। शर्तें लागू होंगी।

विवाद

यदि आप अपनी श्रेणी या बाजार मूल्यांकन से असहमत हैं या यदि आप चाहते हैं कि आपकी विशेष परिस्थितियों पर विचार किया जाए तो आप विवाद उठा सकते हैं। aucklandcouncil.govt.nz/review पर जाएं।

अधिक जानकारी

ourauckland.aucklandcouncil.govt.nz/recovery/ पर हमारे ऑकलैंड रिकवरी पृष्ठ पर जाएं और रिकवरी न्यूज़लैटर के लिए साइन अप करें।